### एक नजर में

#### सीएम ने प्रदेशवासियों को होलिका दहन की दी बधाई

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को होलिका दहन की बधाई और शुभकामनाएं दीं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी नागरिक इस पवित्र अग्नि में नकारात्मक तत्वों को समर्पित कर जीवन में मंगल और शुभता का वरदान मांगे. डॉ. यादव ने देश और समाज के प्रति अपने योगदान की संपूर्णता का संकल्प लेने का प्रदेशवासियों से आह्वान किया है.

#### 3 को पीताम्बरा सर्वसिद्ध पीठ में दर्शन रहेंगे प्रतिबंधित

**आगर-मालवा.** आगर-मालवा जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा सर्वसिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर में 03 मार्च, मंगलवार को पड़ने वाले चन्द्रग्रहण के कारण मंदिर में दर्शन एवं धार्मिक अनुष्ठानों पर प्रतिबंध रहेगा. प्रबंध समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार चन्द्रग्रहण का सुतक काल प्रातः 6.20 बजे से प्रारंभ होगा. सुतक काल प्रारंभ होते ही मंदिर में दर्शन, हवन-पूजन एवं अन्य अनुष्ठान पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे. जबकि प्रातः 6.20 बजे से चन्द्रग्रहण की समाप्ति तक गर्भगृह में प्रवेश वर्जित रहेगा तथा इस अवधि में मंदिर के कपाट बंद रखे जाएंगे. वही 04 मार्च को प्रातः 6.00 बजे मंगला आरती के पश्चात मंदिर के कपाट पुनः खोले जाएंगे तथा दर्शन, हवन-पूजन एवं अन्य अनुष्ठान पूर्ववत सुचारू रूप से प्रारंभ हो जाएंगे.

# भगोरिया को राजकीय पर्व का दर्जा देकर गरिमा बढ़ायी

## सीएम ने जुलवानिया में भगोरिया उत्सव को संबोधित करते हुए कहा



मांदल की थाप पर थिरके सीएम

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 2 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगोरिया केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ आनंद में झूमने का पर्व है. पर्व में महिला और पुरुष समान रूप से कदम से कदम मिलाकर नृत्य करते हैं और पारंपरिक वेशभूषा में लोक संस्कृति की अद्भुत छटा बिखेरते हैं.**

ताड़ी जैसे पारंपरिक पेय का आनंद भी इस उत्सव का हिस्सा है. जनजातीय संस्कृति की अपनी विशिष्ट पहचान और महत्व है. इसी परंपरा को संरक्षित करने के लिये राज्य सरकार ने इस पर्व को राजकीय पर्व का दर्जा देकर इसकी गरिमा को और बढ़ाया गया है.

यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़वानी जिले के जुलवानिया में भगोरिया उत्सव में कही. बड़वानी के जुलवानिया में भगोरिया हाट में उस समय उल्लास और उमंग का अनूठा दृश्य देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनजातीय बंधुओं के भगोरिया उत्सव में शामिल हुए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन से पूरा हाट परिसर उत्साह, रंग और पारंपरिक उल्लास से सराबोर हो गया. जनजातीय संस्कृति की जीवंत छटा से सजे इस पारंपरिक पर्व में मांदल की गूंजती थाप, पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित नर्तक-नर्तकियों की मनमोहक प्रस्तुतियां तथा गुलाल से रंगीन वातावरण ने भगोरिया को और भी आकर्षक बना दिया.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय कलाकारों के साथ मांदल की थाप पर कदम मिलाकर उनकी कला और परंपराओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निमाड़ क्षेत्र अपनी सांस्कृतिक समृद्धि, उत्सवधर्मिता और जीवन के प्रति आनंदमयी दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध है. यहां प्रत्येक मौसम के अनुरूप त्यौहारों की परंपरा रही है, जिससे जीवन में उल्लास और सामूहिकता बनी रहे. पूर्वजों द्वारा स्थापित यह आनंदमयी परंपरा आज भी जीवंत है.

#### बड़वानी में होगी आधुनिक सब्जी मंडी की स्थापना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बड़वानी जिले में उद्यानिकी फसलों का रकबा अधिक है. इसके विस्तार के लिये कोल्ड स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग इकाइयों के साथ आधुनिक सब्जी मंडी की स्थापना की जाएगी. जनजातीय बहुल क्षेत्रों के लिए पानसेमल एवं वरला माइक्रो सिंचाई उद्वहन परियोजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है. इन परियोजनाओं से हजारों हैक्टेयर भूमि को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी और जनजातीय किसानों को सीधा लाभ होगा.

## पुलिस कर्मियों से मारपीट करने वाले को कोर्ट उठने तक की सजा

**जबलपुर, 2 मार्च. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रियम कुमार सक्सेना की अदालत ने पुलिसकर्मियों से मारपीट करने वाले आरोपी जितेन्द्र चक्रवर्ती को दोषी करार दिया. अदालत ने आरोपी को कोर्ट उठने तक की सजा व एक हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया.**



अदालत के समक्ष एडीपीओ मनीष समाधिया ने पक्ष रखा. जिन्होंने बताया कि 22 जनवरी 2026 को फरियादी अपनी ड्यूटी पर आरक्षक वीरेन्द्र व सुशील के साथ थाना के शासकीय मोबाईल वाहन से रिछाई की ओर भ्रमण पर थे. जहां रोड किनारे खड़े आरोपी जितेन्द्र चक्रवती को हिदायत दी गई तो वह गाली गलौज करते हुए झूमाझटकी करने लगा और मारपीट शुरु कर दी. जिसे आरक्षक वीरेन्द्र ने पकडना चाहा तो उससे भी झूमाझटकी की. उक्त मामले में आरोपी जितेन्द्र के खिलाफ रांझी पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था. सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया.

## होली से पहले एक क्विंटल पनीर और 80 किलो मावा जब्त

**मुरैना.** जिले के सबलगढ़ कस्बे में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने होली के त्यौहार से पूर्व मिलावटखोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन डेयरियों पर अचानक छापे मारकर करीब एक कुंटल मिलावटी पनीर और लगभग 80 किलो मावा जब्त किया है. होली के मद्देनजर विभाग को शिकायतें मिली थीं कि कस्बे की कुछ दुग्ध डेयरियों में बड़े पैमाने पर मिलावटी पनीर और मावा तैयार किया जा रहा है. शिकायतों के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन डेयरियों पर छापामार कार्रवाई की. कार्रवाई के दौरान टीम ने करीब एक कुंटल पनीर और 80 किलो मावा जब्त किया.

# स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन 13 मार्च से

## 28 मार्च रहेगी आवेदन करने की अंतिम तिथि

### 02 अप्रैल को लॉटरी के माध्यम से मिलेगा प्रवेश

**भोपाल, 2 मार्च. शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से प्रारंभ होंगे.**

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है. आर.टी.ई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं. निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 को किया जायेगा.

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है. साथ ही सभी जिला कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों को विस्तृत निर्देश भी प्रदान किए गए हैं. समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं. सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, निश्शुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन दिनांक 09 मार्च 2026 से किया जाएगा. वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च 2026 के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं. फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा.

> ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा. 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा. आवेदक ने आर.टी.ई. में निःशुल्क प्रवेश के लिये जिस कैटेगरी/निवास क्षेत्र के माध्यम से प्रवेश चाहा है, तत्संबंधी कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जायेगा.

## विद्युत समाधान योजना की अवधि बढ़ाई

**भोपाल 2 मार्च.** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय व अंतिम चरण को 31 मार्च तक बढ़ा दिया गया है.

पूर्व में यह योजना 28 फरवरी तक लागू थी. उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 3 नवम्बर को समाधान योजना 2025-26 की शुरुआत हुई थी. समाधान योजना में तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है. मंत्री श्री तोमर ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि यदि वे तीन माह से अधिक के बकाएदार हैं और योजना में अभी तक शामिल नहीं हो पाए वे अब 31 मार्च तक योजना में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं. यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे. अब उन्हें समाधान योजना में सरचार्ज में 50 से लेकर 90 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है. समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है.

# होली पर रेलवे ने लागू किया भीड़ प्रबंधन



**भोपाल, 02 मार्च.** होली पर्व के दौरान यात्रियों की संभावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने व्यापक भीड़ प्रबंधन व्यवस्था लागू की है. मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में भोपाल जंक्शन, रानी कमलापति, इटारसी और बीना जंक्शन सहित प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा, स्वच्छता और यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है. टिकट विंडो पर सुगम टिकटिंग, ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनों की कार्यशीलता और अतिरिक्त टिकट जांच स्टाफ की तैनाती की गई है. स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वारों पर सघन टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अनधिकृत प्रवेश रोका जा सके और फुट ओवर ब्रिज पर भीड़ न बढ़े. रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त एस्कॉर्टिंग की व्यवस्था की गई है. अग्नि सुरक्षा उपकरणों और कोचों की नियमित जांच भी सुनिश्चित की गई है. प्लेटफॉर्म परिवर्तन की स्थिति में समय पर उद्घोषणा, लिफ्ट-एस्केलेटर की निगरानी और कोच गाइडेंस प्रणाली सक्रिय रखी गई है. होली स्पेशल ट्रेनों की जानकारी का व्यापक प्रचार किया जा रहा है.

#### भोपाल रेल में 'सेवा संकल्प' बैठक आयोजित

**भोपाल.** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में 2 मार्च को मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी की अध्यक्षता में कंट्रोल ऑफिस स्थित आपदा प्रबंधन कक्ष में 'सेवा संकल्प' बैठक आयोजित की गई. बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अपनाए गए सेवा संकल्प प्रस्ताव के क्रियान्वयन और उसके विजन पर विस्तार से चर्चा हुई. बैठक में 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को केंद्र में रखते हुए राष्ट्र को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने पर जोर दिया गया.

## अपराधी के साथ जन्मदिन मनाना पड़ा भारी, निलंबित

**मुरैना 02 मार्च. मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के जौरा थाना प्रभारी को अपने जन्मदिन पर एक शातिर अपराधी के साथ नाच-गाना करना महंगा पड़ गया.**

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर लाइन अटैच करने के आदेश जारी कर दिए. जानकारी के अनुसार जौरा थाना प्रभारी दर्शन लाल शुक्ला का 28 फरवरी को जन्मदिन था. जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने थाना परिसर में एक पार्टी का आयोजन किया, जिसमें केक काटा गया और उन्हें बधाई देने के लिए लोगों की लाइन लगी रही. इसी दौरान मुरैना कोतवाली थाने का हिस्ट्रीशीटर और शातिर बाइक चोर लवकुश शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुआ. बताया गया कि उसने थाना प्रभारी को अपने कंधे पर बैठाकर थाना परिसर में घुमाया और नाच-गाना किया. उसके पीछे-पीछे थाने का स्टाफ भी नाचता हुआ दिखाई दिया. इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने अपराधी के साथ जन्मदिन पार्टी मनाने को पुलिस की छवि धूमिल करने वाला कृत्य मानते हुए थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर लाइन अटैच कर दिया.



## बबली दीदी के रूप में मोना सिंह का नया अंदाज

**अभिनेत्री** मोना सिंह प्राइम वीडियो की फिल्म 'सूबेदार' में बबली दीदी के दमदार किरदार में नजर आयेगी.

प्राइम वीडियो की फिल्म 'सूबेदार' ने एक ऐसा कास्टिंग सरप्राइज दिया है जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी. बबली दीदी के रूप में, मोना सिंह एक ऐसी महिला का किरदार निभा रही हैं जिसे अपराध विरासत में मिला है. वह जेल के पीछे से अवैध रेत खनन के कई घाट चलाती हैं और सूबेदार अर्जुन मौर्य (अनिल कपूर) को लगातार अपनी उंगलियों पर नचाती हैं. ताकतवर, अनप्रिडिक्टेबल और देसी मिट्टी की हकीकत से जुड़ी, यह मोना सिंह का वो अवतार है जो दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा. यह कहना गलत नहीं होगा कि 2026 के किसी भी कयास में इस ट्विस्ट की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती थी. मोना सिंह ने बताया, 'मुझे सुरेश (त्रिवेणी) का फोन आया, वो मेरे अच्छे दोस्त हैं. उन्होंने मुझसे कहा, 'मोना, मैं तुम्हें एक ऐसा रोल ऑफर कर रहा हूं जो तुमने पहले कभी नहीं किया है.' उन्होंने मुझे स्क्रिप्ट सुनाई और मेरे किरदार के बारे में बताया, तो मेरा रिएक्शन था 'अरे बाप रे! यह क्या दे दिया मुझे?' मैंने ऐसा पहले कभी नहीं किया था.'

मोना सिंह ने कहा, 'मुझे लगता है कि सुरेश के साथ काम करने का यह सबसे अच्छा हिस्सा है.




# शादी की खुशी बांटने निकला स्टार कपल

**उदयपुर** की शाही शादी के बाद अब रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा ने अपनी नई जिंदगी की शुरुआत आस्था और सेवा के साथ की है. सात फेरे लेने के तुरंत बाद यह नवविवाहित जोड़ा आंध्र प्रदेश के तिरुपति पहुंचा, जहां उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन कर वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद लिया. तिरुमला वेंकटेश्वर मंदिर परिसर से सामने आए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं.

वीडियो में रश्मिका हरी कांजीवरम साड़ी और पारंपरिक गहनों में सजी हुई नजर आईं, जबकि विजय सफेद कुर्ता-पायजामा में बेहद सादगीपूर्ण अंदाज़ में दिखे. दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे मंदिर परिसर में चलते दिखाई दिए. उनके आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी, लेकिन फैंस का उत्साह भी कम नहीं था. सैकड़ों की संख्या में मौजूद प्रशंसकों ने कपल की एक झलक पाने के लिए इंतजार किया. विजय और रश्मिका ने भी हाथ जोड़कर सबका अभिवादन किया. भीड़ के बीच विजय का प्रोटेक्टिव अंदाज़ भी देखने को मिला. वे लगातार रश्मिका का ध्यान रखते नजर आए और उन्हें सुरक्षित आगे बढ़ाते रहे. इस दौरान विजय के छोटे भाई आनंद देवरकोंडा भी उनके साथ मौजूद थे.

शादी के बाद कपल की सादगी ने भी लोगों का दिल जीत लिया. उदयपुर से हैदराबाद लौटते वक्त दोनों को इकोनॉमी क्लास में सफर करते देखा गया. फ्लाइट का वीडियो वायरल होते ही फैंस ने उनकी डाउन-टू-अर्थ पर्सनालिटी की जमकर तारीफ की. इतना ही नहीं, इस स्टार जोड़ी ने अपनी शादी की खुशी पूरे देश के साथ बांटने का फैसला किया है. सोशल मीडिया पर साझा किए गए भावुक संदेश में उन्होंने लिखा कि वे देशभर में मिठाइयों से भरे ट्रक भेजेंगे और कई मंदिरों में अन्नदान करेंगे. उनके इस कदम को फैंस 'स्टारडम के साथ संवेदनशीलता' का बेहतरीन उदाहरण बता रहे हैं.



## अगली फिल्म में तब्बू के साथ काम करेंगी संयुक्ता

**दक्षिण** भारतीय फिल्म अभिनेत्री संयुक्ता फिल्मकार पुरी जगन्नाथ की अगली फिल्म में तब्बू के साथ काम करती नजर आयेंगी.

संयुक्ता ने हाल ही में तब्बू के साथ काम करने का अनुभव साझा किया और ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री की एक झलक भी दी. बड़े पैमाने पर बनी इस फिल्म में विजय सेतुपति लीड रोल में हैं, संयुक्ता फीमेल लीड के रूप में दिखेंगी और तब्बू एक बेहद अहम और इंटेंस किरदार में नज़र आएंगी, जिसकी इंडस्ट्री में खूब चर्चा है.

इस फिल्म का निर्माण चार्ममे कौर और पुरी जगन्नाध ने अपने बैनर पुरी कनेक्ट्स के तहत किया है. शूटिंग पूरी हो चुकी है और फिल्म तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज़ की तैयारी में है. हाल ही की बातचीत में संयुक्ता ने तब्बू की तारीफ की है. उन्होंने कहा, वह कुछ अलग ही हैं. जिस अंदाज़ और एनर्जी के साथ वह सेट पर आती हैं, वह बेहद खूबसूरत है. उन्होंने कंदुकोंडेन कंदुकोंडेन जैसी शानदार फिल्म की है, जो मेरी पसंदीदा फिल्मों में से एक है.



## मेहर की शाही पार्टी में अभिरा का स्वैग

**टीवी** सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है का होली स्पेशल एपिसोड इस बार जबरदस्त ट्विस्ट लेकर आने वाला है. आठ साल बाद अभिरा और मेहर मित्तल आमने-सामने होंगी, और यह टकराव रंगों से ज्यादा तीखा नजर आएगा. प्रोमो में दिखाया गया है कि अभिरा के मोहल्ले का पानी अचानक बंद कर दिया जाता है. वजह—बिल्डर का दबाव.

जैसे ही अभिरा को इस चाल का पता चलता है, वह चुप नहीं बैठती. वह पूरे मोहल्ले वालों को साथ लेकर सीधे मेहर मित्तल की होली पार्टी में पहुंच जाती है. स्वैग के साथ एंट्री लेने के बाद अभिरा न सिर्फ मेहर को खरी-खोटी सुनाती है, बल्कि अरमान को भी साफ शब्दों में चेतावनी दे देती है.

## जी सिने अवॉर्ड्स ने मनाया भारतीय सिनेमा का शानदार जश्न





**जी** सिने अवॉर्ड्स 2026 भारतीय सिनेमा का एक भव्य और यादगार उत्सव बनकर सामने आया. ये वो रात थी जहां भव्यता और जज़्बात साथ नजर आए, जहां विरासत और नए दौर की कहानियां एक मंच पर मिलीं, और जहां रोशनी सितारों के साथ-साथ फैंस पर भी चमकी. मुंबई के मशहूर एनएससीआई डोम में आयोजित इस खास शाम में सिनेमा के एक अहम साल को सम्मानित किया गया और 'ये पल है फैंस का की थीम के साथ फैनटरटेनमेंट के जज़्बे को पूरे अंदाज़ में जिया गया. ये एक याद दिलाने वाला मजबूत पल था कि सिनेमा की हर बड़ी उपलब्धि को खास बनाते हैं वो दर्शक, जो उसे दिल से अपनाते हैं. इस शाम की शानदार शुरुआत आइकॉनिक पर्पल कारपेट से हुई, जिसने पूरे आयोजन का मूड तय कर दिया. ये सिर्फ एंट्री नहीं थी, बल्कि एक खास लम्हा था. अक्षय कुमार मिडनाइट ब्लैक वेलवेट सूट में नजर आए, जिसे उन्होंने ओपन कॉलर व्हाइट शर्ट के साथ पेयर किया था, और हमेशा की तरह करिश्माई लगे. विक्की कौशल ब्लैक टक्सीडो में बेहद स्मार्ट दिखे. वरुण धवन टेलर्ड माइक्रो चेक थ्री पीस सूट में पहुंचे, जिसमें रेट्रो स्टाइल फ्लेयर्ड ट्राउजर और स्लीक ब्लैक बूट्स शामिल थे, और उन्होंने अपनी सिग्नेचर एनर्जी से जश्न में चार चांद लगा दिए. वहीं नोरा फतेही हाई नेक आइवरी ब्लाउज और स्कल्प्टेड ब्लैक मरमेड स्कर्ट में नजर आईं और पूरे आत्मविश्वास के साथ कारपेट पर छा गईं.

## खुशियों के बीच अनुपमा को ताने



अनुपमा दर्शकों को इमोशन, खुशी और तनाव का मिला-जुला पैकेज देने वाला है. कहानी की शुरुआत होगी अनुपमा के जन्मदिन से, जहां घर के बच्चे इस खास दिन को यादगार बनाने की तैयारी करते नजर आएंगे. राही अपनी मां के लिए हैंडमेड कार्ड बनाती है और परी साड़ी लेकर आती है. घर में चल रहे तनाव के बावजूद बच्चे यह तय करते हैं कि मां का बर्थडे धूमधाम से मनाया जाएगा. इसी बीच अस्पताल से खबर आती है कि प्रार्थना को लेबर पेन शुरू हो गया है. अनुपमा तुरंत अस्पताल पहुंचती है और अंश को संभालती है, जो बेहद घबराया हुआ है. थोड़ी ही देर में डॉक्टर खुशखबरी देते हैं—प्रार्थना ने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया है. परिवार में जश्न का माहौल बन जाता है. खास बात यह कि बच्ची और अनुपमा का जन्मदिन एक ही दिन पड़ता है, जिसे सभी शुभ संयोग मानते हैं. लेकिन खुशियों के इस मौके पर भी वसुंधरा कोठारी अपनी कड़वी जुबान से बाज नहीं आती. जब अनुपमा उनसे आशीर्वाद लेने जाती है, तो वह तंज कसते हुए कहती है कि बच्ची की किस्मत अनुपमा जैसी न हो. यह बात सुनकर अनुपमा आहत जरूर होती है, लेकिन वह चुप रहकर बच्ची की सलामती की दुआ मांगती है. माहौल तब और बिगड़ता है जब वसुंधरा राही और प्रेम पर बच्चा करने का दबाव बनाने लगती है. वह राही की पढ़ाई और प्राथमिकताओं पर सवाल उठाती है.